आंतरिक परीक्षा 2020 बी.ए.– द्वितीय वर्ष

विषय – हिन्दी साहित्य **समय– 3 घण्टा**
प्रश्नपत्र–द्वितीय (हिन्दी निबंध तथा अन्य गद्य विधाएँ) **पूर्णांक – 75**

नोट– सभी प्रश्न अनिवार्य है ।

प्र.1– निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 21

(अ) सेत सेत सब एक से, जहाँ कपूर कपास।
ऐसे देश कुदेश में, कबहुँ न कीजै बास।।
कोकिल बायस एक सम, पंडित मूरख एक।
इंद्रायन दाड़िम विषय जहाँ न नेकु विवेक ।।
बसिए ऐसे देश नहिं, कनक वृष्टि जो होय।
रहिए तो दुख पाइए, प्रान दीजिए रोय।।

''अथवा''

टके टक के वास्ते, पाप को पुण्य माने, टके के वास्ते नीच को भी पितामह बनावे, वेद, धर्म, कुल, मर्यादा, सच्चाई, बड़ाई सब टके सेर। लुटाई दिया अनमोल माल (ले टके सेर)

(ब) ''बैर क्रोध का आचार या मुरब्बा है, जिससे हमें दुख पहुंचा है उस पर यदि हमने क्रोध किया और यह क्रोध हमारे हृदय में बहुत दिनों तक टिका रहा तो वह बैर कहलाता है। इस स्थायी रूप में टिक जाने के कारण क्रोध का वग और उग्रता तो धीमी पड़ जाती है, पर लक्ष्य को पीड़ित करने की प्रेरणा बराबर बहुत काल तक हुआ करती है।''

''अथवा''

''मुझे ऐसा लगता है कि बसंत भागता–भागता चलता है। देश में नहीं काल में किसी का बसंत पन्द्रह दिन का है , तो किसी का नौ महीने का।''

(स) ''अपने देश के तरूण साहित्यकारों से मेरा अनुरोध है कि वे अपने देश को उसके समस्त गुण–दोषों के साथ देखें और ऐसे साहित्य की सृष्टि करें जो इस जीर्ण देश में ऐसे नवीन अमृत का संचार करे कि वह एक दृढ़ चेता व्यक्ति की भांति संसार से घृणा और अन्याय मिटा देने के लिए उठ खड़ा हो।''

''अथवा''

स्वतंत्रता का उत्सव हम मना रहे है। अपने को भूलकर अपने गुण और अपनी मान्यताओं को भूलकर आगे चलने में पीछे घूमकर देखते नहीं थे वही अब दूसरों के पीछे सरपट दौड़ रहे है। स्वतंत्र भारत की स्वतंत्र नारी को आप सब कुछ फाड़ फेंकना है।

प्र.2– नाटक के तत्वों के आधार पर भारतेन्दु कृते ''अंधेर नगरी'' की समीक्षा कीजिए।

''अथवा'' 12

क्रोध के विषय में आचार्य शुक्ल जी के विचारों को अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए।

''अथवा''

बेईमानी की परत निबंध का सारांश लिखिए ।

प्र.3– ''औरंगजेब की आखिरी रात'' एकांकी की संवाद योजना पर प्रकाश डालिए।

''अथवा'' 12

''मम्मी ठकुराईन'' का चरित्र चित्रण कीजिए।

''अथवा''

नाटक एवं एकांकी में अंतर लिखते हुए एकांकी कला के महत्व पर प्रकाश डालिए।

प्र.4– निम्नलिखित में से किन्ही तीन पर टिप्पणियाँ लिखिए– 15

(1) राहुल सांस्कृत्यायन का जीवन परिचय दीजिए।
(2) महादेवी वर्मा की भाषा शैली की विशेषताएँ लिखिए।
(3) व्यंग्य विद्या और हरिशंकर परसाई
(4) अंधेर नगरी के गीतो का वैशिष्ट्य

प्र.5– निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए– 15

(1) अंधेर नगरी के दो पात्रों का नाम लिखिए।
(2) चिंतामणि किसी रचना है ?
(3) 'टिकट बाबू' किस एकांकी के पात्र है ?
(4) 'मिस्टर अभिमन्यु किसकी रचना है ?
(5) 'बसंत आ गया है' के लेखक के नाम लिखिए ?
(6) अंधेर नगरी में कुल कितने दृश्य है ?
(7) 'एक दिन' एकांकी के स्त्री पात्र के नाम लिखिए ?
(8) 'आगरा बाजार' किसी नाट्य रचना है ?
(9) 'भारत दुर्दशा' नाटक के रचनाकार का नाम लिखिए ?
(10) 'मेरी लद्दाख यात्रा' के रचनाकार कौन है ?
(11) 'पृथ्वीराज की आंखे' एकांकी के रचनाकार कौन है ?
(12) अमरूद में कितने महीने तक बसंत रहता है?
(13) औरंगजेब की पुत्री का नाम लिखिए ?
(14) कुंजड़िन पात्र का संबंध किस नाटक से है ?
(15) 'मेरा परिवार' किसकी रचना है ?